RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 ■ मुंबई : गुरुवार 15 मई 2025 ■ वर्ष 07 ■ अंक 26 ■ संपादक : फैसल शेख ■ पृष्ठ : 8 ■ कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

पूर्व नगरसेविका तेजस्वी घोसालकर ने शिवसेना से दिया इस्तीफा



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई : राज्य में महायुति सरकार की तरफ से किए जा रहे विकास कार्यो को कोई नहीं रोक - देवेंद्र फडणवीस

### विकास की एक्सप्रेस ट्रेन चला रही है, जिसमें कोई स्पीड ब्रेकर नहीं लगाया जा सकता

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में महायुति सरकार की तरफ से किए जा रहे विकास कार्यों को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि यह सरकार विकास की एक्सप्रेस ट्रेन चला रही है, जिसमें कोई स्पीड ब्रेकर नहीं लगाया जा सकता।

**जल्द खोला जाएगा काशीगांव-दहिसर मेट्रो लाइन**

ठाणे के पास काशीगांव में पत्रकारों से बात करते हुए सीएम ने बताया कि काशीगांव-दहिसर मेट्रो लाइन तकनीकी परीक्षण के अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। इससे वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर भीड़ कम होगी और यात्रियों को राहत मिलेगी। बता दें कि सीएंम इस



कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एसएमआर) में पहली बार डबल डेकर ब्रिज का निर्माण हो रहा है, जो विशेष रूप से मीरा-भायंदर जैसे इलाकों की ट्रैफिक समस्या दूर करेगा। फडणवीस ने कहा कि हमारा लक्ष्य वीरार तक मेट्रो यात्रा को संभव बनाना है। आने वाले समय में 50 किलोमीटर और फिर 62 किलोमीटर मेट्रो लाइन का कार्य चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2015 से शुरू हुए मेट्रो नेटवर्क को 2027 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है।

**बुलेट ट्रेन और मेट्रो का होगा समन्वय**

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि पालघर के वधावन में बन रही बुलेट ट्रेन स्टेशन के साथ मेट्रो नेटवर्क को जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। इसके साथ ही फडणवीस ने अंत में कहा कि हम मेट्रो को मुंबई और आसपास के क्षेत्र के लिए सबसे अच्छा परिवहन माध्यम बनाना चाहते हैं,

## मुंबई : शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर अब तक कई गंभीर आरोप; सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की मांग की

**मुंबई :** महाराष्ट्र में शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर अब तक कई गंभीर आरोप सामने आ चुके हैं. इस मामले में आरोप है कि राज्य सरकार को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.

पूर्व गृहमंत्री और एनसीपी नेता अनिल देशमुख ने इस घोटाले की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यभर में शिक्षक भर्ती के नाम पर वर्षों से चल रही धांधली अब खुलकर सामने आ रही है. जानकारी के मुताबिक, हजारों फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं. हालांकि, नागपुर जिले में कुछ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है, लेकिन घोटाले की जड़ें पूरे राज्य में फैली हुई हैं.

अनिल देशमुख ने इस घोटाले



की तुलना व्यापम घोटाले से करते हुए कहा कि यह उससे भी बड़ा और संगठित आर्थिक अपराध है. उन्होंने आरोप लगाया कि 2012 में शिक्षक भर्ती पर रोक लगाई गई थी, फिर भी 2019 से 2022 के बीच भारी संख्या में नियुक्तियां की गईं.

उन्होंने कहा कि कुछ नियुक्तियां तो 2012 से पहले की तारीखों में दर्शाई गईं. उन्होंने कहा कि कई मामलों में एक ही व्यक्ति को दो बार नियुक्ति दी गई और कुछ ऐसे व्यक्तियों को भी नौकरी दे दी गई, जिनके पास पात्रता नहीं थी.

## मुंबई : स्कूलों के लिए नए नियम जारी

### स्कूल वाहनों के चालकों का शराब परीक्षण करना अनिवार्य

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने स्कूलों के लिए नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत कम से कम एक महीने के डेटा बैकअप के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाना, छात्रों के खिलाफ अपराधों की सूचना पुलिस को देना, अपने कर्मचारियों की जांच करना और स्कूल वाहनों के चालकों का शराब परीक्षण करना अनिवार्य किया गया है। मानसिक दबाव या उत्पीड़न का सामना कर रहे छात्रों को परामर्श प्रदान करना और ह्यप्री-प्राइमरीह्न और ह्यप्राइमरीह्न के छात्रों को ह्यगुड टच और बैड टच (अच्छे और बुरे मकसद से किया गया स्पर्श)ह्न के बारे में जागरुक बनाना भी इन दिशा-निर्देशों का हिस्सा है।

**सरकार के जीओ में क्या ?**

ये निर्देश राज्य स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 13 मई को जारी सरकारी संकल्प (जीआर) में शामिल हैं, जिसका उद्देश्य यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के कार्यान्वयन को मजबूत करना है। इन दिशा-निर्देशों का मकसद पिछले साल अगस्त में ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल के शौचालय में दो छात्राओं के यौन उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में स्कूलों में सुरक्षा में सुधार करना है। आरोप लगे थे कि स्कूल प्रशासन और पुलिस ने मामले में समय पर कार्रवाई नहीं की।



**क्यों उठाया गया ये कदम ?**

अगस्त में स्कूल में सफाई कर्मचारी अक्षय शिंदे को यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य मामले में जांच के लिए तलोजा जेल से कल्याण ले जाते समय पुलिस वैन के अंदर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आदेश में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नाबालिग माना गया है तथा स्कूल अधिकारियों को किसी भी संदिग्ध अपराध की सूचना स्थानीय पुलिस स्टेशन या विशेष किशोर पुलिस इकाई को देने का आदेश दिया गया है।

**सीसीटीवी के 1 महीने का डाटा जरूरी**

आदेश में सभी स्कूलों को परिसर में कम से कम एक महीने के डेटा बैकअप के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया गया है। आदेश में चेतावनी दी गई है कि इसका पालन न करने पर सरकारी अनुदान रोके जाने और स्कूल का पंजीकरण रद्द किए जाने जैसी कार्रवाई की जा सकती है।

## मुंबई : इनकम टैक्स के साथ-साथ ईडी की रेड

**मुंबई :** महाराष्ट्र के कई इलाकों में बुधवार को इनकम टैक्स के साथ-साथ ईडी की रेड जारी है. सूत्रों के अनुसार पश्चिम विदर्भ के अमरावती, अकोला, यवतमाळ और परतवाड़ा में सोने-चांदी की दुकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी हुई. अमरावती के 8 से ज्यादा आभूषण दुकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी जारी होने की जानकारी है. सुबह से ही सोने-चांदी की दुकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई का दौर जारी है. दूसरी ओर, वसई विरार में 41 अवैध इमारतों का मुद्दा गरमा गया है. यहां बहुत सारी इमारतें बनाई गईं. अपार्टमेंट बिक जाने के बाद अधिकारियों को पता चला कि यह जमीन सरकारी है. यह मामला राज्य में काफी चर्चित रहा है. बहुजन विकास अघाड़ी पार्टी के पूर्व पार्षद सीताराम गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई की गई. अब इस मामले में ईडी ने सीताराम गुप्ता के घरों पर रेड मारी है.

आरोप है कि बहुजन विकास अघाड़ी पार्टी के पूर्व पार्षद सीताराम




गुप्ता ने अवैध इमारतें खड़ी करके मैचों में धांधली की. इस मामले में प्रर्वतन निदेशालय ने मामला दर्ज किया है. गुप्ता पर धन शोधन का आरोप लगाया गया है. ईडी ने वसई विरार में 13 स्थानों पर बड़ा तलाशी अभियान चलाया है. सीताराम गुप्ता ने वसई विरार इलाके में 41 अवैध इमारतें खड़ी कीं और लोगों को मकान बेचे. अदालत द्वारा इन इमारतों को अवैध घोषित करने के बाद वसई विरार नगर निगम ने इन्हें ध्वस्त कर दिया, इससे लगभग 2,500 लोग बेघर हो गए तथा आर्थिक रूप से ठगे गए, ईडी ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और अब तलाशी अभियान चल रहा है.

**जानें क्या है पूरा मामला ?**

यह मामला अग्रवाल, वसंत नगरी क्षेत्र में सर्वे संख्या 22 और 30 के बीच के भूखंडों से संबंधित था. इस भूमि का कुछ भाग डम्पिंग ग्राउंड और एसटीपी संयंत्रों के लिए आरक्षित था. कुछ जमीन दूसरे व्यक्ति के नाम पर थी सीताराम गुप्ता ने 2006 में इस जमीन पर कब्जा किया था. इसके बाद उन्होंने इस जमीन पर एक इमारत खड़ी कर दी। 2010-12 में यहां 41 चार मंजिला इमारतें बनाई गईं. सीताराम ने फ्लैट बेच दिय. उसके बाद मूल मालिक अदालत में चला गया, जब कोर्ट का फैसला आया तो नगर निगम अधिकारियों की नींद टूटी और कार्रवाई की गई.

## मुंबई : जल्द महाराष्ट्र की राजनीति में होने जा रहा है ये बड़ा खेला!



**मुंबई :** महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित विलय की तेज होती अटकलों के बीच भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल और एनसीपी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने इसे खारिज कर दिया। दोनों नेताओं ने इसे सिर्फ मीडिया की चर्चा बताया। साथ ही कहा कि अब तक कोई ठोस बातचीत नहीं हुई है।

महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों गुट (अजित पवार और शरद पवार) के संभावित विलय की अटकलों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस अटकलों को पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कुछ कभी हुआ ही नहीं, ये सिर्फ चर्चा का विषय रहा है। पाटिल ने कहा कि इस कथित विलय की बात हमेशा हवा में रही है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# लंबित मामलों पर ध्यान जरूरी

**न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण कर ली है। यह अवसर बताता है कि कैसे अवसरों तक समान पहुंच देश में सामाजिक समावेशन की राह को आसान कर सकती है। न्यायमूर्ति के जी बालकृष्णन के बाद न्यायमूर्ति गवई दूसरे दलित हैं जो सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने हैं। सन 1950 में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के बाद केवल सात दलित ही वहां न्यायाधीश बन सके हैं जिनमें से गवई भी एक हैं। यह बात बताती है कि भारत को वास्तविक सामाजिक समानता के क्षेत्र में अभी कितना लंबा सफर तय करना है। न्यायमूर्ति गवई अपने करियर के आरंभिक दिनों में कई बाधाओं से दोचार हुए। संविधान के अनुच्छेद 124 (3) के तहत सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश बनने की अर्हता हासिल करने के लिए किसी व्यक्ति को कम से कम पांच वर्ष तक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश होना चाहिए या फिर उसे कम से कम 10 वर्ष तक उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में काम करने का अनुभव होना चाहिए। न्यायमूर्ति गवई ने 16 वर्षों तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम किया जिसके बाद मई 2019 में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्ति मिली। जैसा कि उन्होंने अपनी नियुक्ति के बाद खुलकर स्वीकार किया, चूंकि सरकार पीठ में विविधता सुनिश्चित करना चाहती थी इसलिए सर्वोच्च न्यायालय में उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया को दो वर्षों तक तेज किया गया।**

**न्यायमूर्ति गवई सर्वोच्च न्यायालय के कई अहम फैसलों का हिस्सा रहे हैं। इनमें कुछ प्रमुख निर्णय रहे हैं: जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करना, नोटबंदी, राज्यों को आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों के भीतर उपश्रेणियां तैयार करने की इजाजत देना और चुनावी फंडिंग के लिए चुनावी बॉन्ड योजना को निरस्त करना। अब जबकि वह देश के मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं तो उनके सामने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता जैसे कहीं अधिक संवेदनशील मामले आएंगे। अपने पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की तरह उनके पास भी शीर्ष पर रहने के लिए केवल छह माह की अवधि होगी यानी नवंबर 2025 तक वह देश के मुख्य न्यायाधीश रहेंगे। हालांकि इतना समय सर्वोच्च न्यायालय में आवश्यक गहन संस्थागत सुधारों के लिए अपर्याप्त है लेकिन उनके सामने अपने पूर्ववर्ती मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल एक आदर्श की तरह उपस्थित है। न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रक्रिया के जटिल मुद्दे को हल करने के लिए एक प्रणाली पेश की जिसके तहत उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर चयनित अभ्यर्थियों से मुलाकात और उनका साक्षात्कार करने की व्यवस्था है।**

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# पूर्व नगरसेविका तेजस्वी घोसालकर ने शिवसेना से दिया इस्तीफा



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना-वइळ को झटका लगा है. बृहन्मुंबई महानगरपालिका की पूर्व नगरसेविका तेजस्वी घोसालकर ने शिवसेना से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने यह निर्णय निजी कारणों से लिया है, हालांकि सूत्रों के अनुसार पार्टी के स्थानीय स्तर पर कामकाज से उनकी नाराजगी भी इसकी एक बड़ी वजह मानी जा रही है.

तेजस्वी घोसालकर मुंबई उत्तर की दहिसर विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना की महिला शाखा की प्रमुख थीं. उनके इस्तीफे को लेकर पार्टी के विभाग प्रमुख उदेश पाटेकर ने पुष्टि की, लेकिन उन्होंने कहा कि तेजस्वी ने कोई साफ कारण नहीं बताया. वहीं, पार्टी सूत्रों का कहना है कि घोसालकर पार्टी के स्थानीय नेतृत्व के रवैये से नाखुश थीं.

**राजनीति से जुड़ा तेजस्वी का परिवार**

तेजस्वी घोसालकर का राजनीतिक जीवन गहरा पारिवारिक जुड़ाव रखता है. वह पूर्व विधायक विनोद घोसालकर की बहू हैं और उनके पति अभिषेक घोसालकर भी बृहन्मुंबई महानगरपालिका के पूर्व नगरसेवक रह चुके हैं. इस वर्ष की शुरूआत में अभिषेक की हत्या हो गई थी, जब उन्हें फेसबुक लाइव के दौरान स्थानीय निवासी मॉरिस नोरोन्हा ने गोली मार दी थी. इस घटना ने न सिर्फ शहर को झकझोर दिया, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी शोक की लहर दौड़ा दी थी.

**ठाकरे परिवार का घोसालकर परिवार से पुराना जुड़ाव**

घोसालकर परिवार और ठाकरे परिवार के बीच लंबे समय से गहरा रिश्ता रहा है. अभिषेक घोसालकर के अंतिम संस्कार में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, उनके बेटे और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे के साथ ही पत्नी रश्मि ठाकरे भी पहुंची थीं, जो इस संबंध की निकटता को दर्शाता है. पार्टी के एक पदाधिकारी के अनुसार, तेजस्वी के इस्तीफे के बाद ठाकरे परिवार ने उन्हें मनाने की कोशिश की और अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह भी किया. हालांकि, अब तक तेजस्वी ने अपने रुख में कोई बदलाव नहीं किया है. तेजस्वी घोसालकर का पार्टी छोड़ना शिवसेना के लिए उत्तर मुंबई के स्थानीय संगठनों में एक बड़ा झटका माना जा रहा है, खासकर तब जब पार्टी आगामी चुनावों की तैयारी में जुटी हुई है.

# ठाणे में मालगाड़ी पटरी से उतरी... कोई हताहत नहीं



**ठाणे :** जिले में भिवंडी और खरबाव स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मैंगलोर-डागरू (पंजाब) ट्रेन का एक डिब्बा शाम करीब 6:32 बजे पटरी से उतर गया। मध्य रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल नीला ने कहा कि ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना गैर-उपनगरीय खंड में हुई, जिससे लंबी दूरी की ट्रेन के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। वसई-दिवा खंड (जहां ट्रेन पटरी से उतरी) पश्चिमी रेलवे, मध्य रेलवे और कोंकण रेलवे के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। कोंकण मार्ग से उत्तर और दक्षिण भारत जाने वाली सभी ट्रेन इसी खंड से होकर गुजरती हैं।

# मुंबई : आईपीएस और आईएएस अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला जारी....




**मुंबई :** राज्य में महागठबंधन सरकार आने के बाद से पुलिस प्रशासन में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में सरकार ने प्रदेश में आईपीएस और आईएएस अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला जारी रखा है। अब राज्य में 6 शीर्ष आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। मुंबई रेलवे कमिश्नर रवींद्र शिसवे को सीक्रेट सर्विस में संयुक्त आयुक्त नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अमरावती के पुलिस कमिश्नर एन.डी. रेड्डी का भी तबादला कर दिया गया है। वही आईपीएस अधिकारी शारदा वसंद निकम, निसार तंबोली, सुप्रिया पाटिल यादव, राजीव जैन और अभिषेक त्रिमुखे का भी तबादला कर दिया गया है।

**प्रमुख अधिकारियों ये मिली जिम्मेदारी**

इसी क्रम में अमरावती के पुलिस आयुक्त एनडी रेड्डी को नागपुर में संयुक्त पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। तो वही निकम शारदा वसंत को विशेष पुलिस महानिरीक्षक, एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स नियुक्त किया गया है। जबकि सुप्रिया पाटिल यादव को विशेष पुलिस महानिरीक्षक (स्थापना) नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही निसार तंबोली को राज्य रिजर्व पुलिस बल नागपुर में विशेष पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। तो वही राजीव जैन को विशेष पुलिस महानिरीक्षक समुद्री प्रभाग के पद पर स्थानांतरित किया गया है। अभिषेक त्रिमुखे को विशेष पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

# वसई : दंपति की फिलीपींस में सड़क हादसे में मौत




**वसई :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई इलाके से ताल्लुक रखने वाले एक दंपति की फिलीपींस में सड़क हादसे में मौत हो गई. यह दुखद घटना 10 मई को बाडियन क्षेत्र में उस समय हुई जब दोनों दोपहिया वाहन से सफर कर रहे थे. हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. इस घटना की जानकारी सेंट थॉमस चर्च, वसई के अधिकारियों ने दी है.

**ये है मृतकों की पहचान**

मुख्य पुजारी के मुताबिक, गेराल्ड परेरा (50) और उनकी पत्नी प्रिया परेरा (46) फिलीपींस में छुट्टियां मना रहे थे. 10 मई को जब वे बाइक से यात्रा कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों पास ही लगे एक इलेक्ट्रिक पोल से जा टकराए. इस दर्दनाक हादसे में प्रिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गेराल्ड को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया.

**दंपति के हैं दो बच्चे**

दंपति वसई के सैंडोर क्षेत्र में रहते थे और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय थे. उनकी अचानक मौत से इलाके में शोक की लहर है. चर्च के अधिकारियों ने बताया कि गेराल्ड और प्रिया दो बच्चों के माता-पिता थे. उनका एक बेटा और एक किशोर बेटी है. घटना को लेकर स्थानीय लोग और पड़ोसियों के बीच भी मातम पसरा हुआ है.

**चालक की तलाश में पुलिस**

चर्च प्रशासन और स्थानीय लोग अब परेरा दंपति के पार्थिव शरीर को भारत लाने की प्रक्रिया में जुटे हुए हैं. इस हादसे ने न सिर्फ उनके परिवार को बल्कि पूरे वसई क्षेत्र को झकझोर रख दिया है. वहीं, फिलीपींस प्रशासन द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और ट्रक चालक की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

# मुंबई : जौहरी और उसके दो साथी 90 लोगों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई :** गोरेगांव के एक जौहरी और उसके दो साथियों को नकदी और आभूषणों में निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा करके कम से कम 90 लोगों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस का कहना है कि मामले के मुख्य आरोपी की पहचान कुशल दलपतसिंह राठौड़ उर्फ कमलेश चौहान (30) के रूप में हुई है, जिसने चोरी की गई रकम-4 करोड़ रुपये-का इस्तेमाल किया और राजस्थान भाग गया, जहां उसने जमीन खरीदी और एक ढाबा खोला. पुलिस ने कहा कि उन्होंने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है: चौहान और उसके दो साथी, विनायक मारुति माने (44) और सिबाराम ओमिया सावंत (47). पुलिस ने कहा कि चौहान को राजस्थान में 5 मई को गिरफ्तार किया गया था, जबकि अन्य दो को 10 मई को मुंबई में गिरफ्तार किया गया था. पुलिस सूत्रों के अनुसार, चौहान ने कुछ साल पहले गोरेगांव ईस्ट के संतोष नगर मार्केट में एक आभूषण की दुकान-श्री ज्वेलर्स-खोली थी. ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए, उसने कई आकर्षक योजनाएं शुरू कीं, जैसे कि बोनस और निवेश पर उच्च रिटर्न, आभूषण बनाने के शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट, ग्राहकों द्वारा लाए गए सोने की मुफ्त हॉलमार्किंग, इत्यादि.




जांच से परिचित एक अधिकारी ने बताया, ''यह कुशाल दलपतसिंह राठौड़ उर्फ कमलेश चौहान और उसके साथियों द्वारा रची गई एक सुनियोजित साजिश थी. मास्टरमाइंड चौहान ने कबूल किया कि निवेश योजनाओं के तहत ग्राहकों से एकत्र किए गए आभूषणों को पिघलाकर बेचा जाता था. आभूषणों को पिघलाकर फिर से बेचने का काम सावंत, माने और अन्य फरार आरोपियों ने किया था.''

घोटाले से मिली रकम से चौहान ने राजस्थान के जैसलमेर रोड पर जमीन खरीदी और एक रेस्टोरेंट खोला, जिसे वह गलत पहचान के साथ चला रहा था. जांचकर्ताओं ने पाया कि चौहान ट्रैकिंग से बचने के लिए अक्सर अपने मोबाइल नंबर बदलता रहता था. उसने संवाद करने के लिए अलग-अलग नंबरों का इस्तेमाल किया- एक मुंबई में अपने सहयोगियों के लिए और दूसरा अपराध में शामिल लोगों के लिए.

ऊपर बताए गए अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, डिंडोशी पुलिस टीम ने जैसलमेर में स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय किया और चौहान को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया. अंडरकवर अधिकारियों ने रेस्टोरेंट में खाना खाया और चौहान के पहुंचने पर उसे हिरासत में ले लिया. तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया और उन्हें 13 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया. एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आगे की जांच और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है.

# मुंबई : जबरन वसूली के एक मामले में व्यवसायी बरी...

**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने जबरन वसूली के एक मामले में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए गवाहों के बयान 'अस्पष्ट व सुनी-सुनाई बातों पर आधारित'और खोखले सबूतों का हवाला देते हुए व्यवसायी रियाज भाटी को बरी कर दिया है। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के विशेष न्यायाधीश चकोर बाविस्कर ने पिछले महीने भाटी को राहत दी थी।



भाटी पर अतीत में दाऊद इब्राहिम गिरोह से संबंध रखने का आरोप था। विस्तृत आदेश मंगलवार को उपलब्ध हुआ। एक व्यवसायी ने 2022 में शहर के वसोर्वा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि भाटी और भगोड़े गैंगस्टर छोटा शकील के बहनोई सलीम कुरैशी उर्फ सलीम फ्रूट ने भाटी की जन्मदिन पार्टी के दौरान उससे पैसे वसूलने की कोशिश की थी।

शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि दोनों लोगों ने उसे 30 लाख रुपये की कीमत की कार और 7.5 लाख रुपये नकद देने के लिए मजबूर किया था। भाटी ने मामले में बरी करने का अनुरोध करते हुए एक अर्जी दायर की थी, जिसमें दलील दी गयी थी कि उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और उन्हें मामले में झूठे तरीके से फंसाया गया है।

अदालत ने कहा कि यह स्वीकार करना मुश्किल है कि आरोपी 'पार्टी का आनंद लेने के बावजूद, शिकायतकर्ता से जबरन वसूली करने की आपराधिक साजिश रचने के गंभीर काम में लिप्त होगा। अदालत ने कहा कि परिस्थितियां इस आरोप के बारे में विश्वास पैदा करने वाली नहीं लगती हैं कि कोई आपराधिक साजिश थी।

विशेष न्यायाधीश ने कहा कि जन्मदिन की पार्टी में कथित तौर पर मौजूद गवाहों के बयान 'अस्पष्ट'और 'एक तरह की सुनी-सुनाई बातों पर आधारित हैं'। अदालत ने कहा कि शिकायत में भाटी के खिलाफ सीधे तौर पर कुछ भी आरोप नहीं लगाया गया है। न्यायाधीश ने व्यवसायी को बरी करते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूत, अगर साबित भी हो जाते हैं, तो भी दोषसिद्धि के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

# नागरिक सुरक्षा निदेशालय ने राज्य के गृह मंत्रालय को सिफारिशों की लंबी लिस्ट भेजी... 300 खाली पड़े पदों को भरने की मांग की

**मुंबई :** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महाराष्ट्र में मुंबई समेत कई जगहों पर की गई मॉक ड्रिल के बाद, नागरिक सुरक्षा निदेशालय ने राज्य के गृह मंत्रालय को सिफारिशों की लंबी लिस्ट भेजी है. निदेशालय ने अपने फोर्स को अपग्रेड करने और अत्याधुनिक बनाने में मदद करने के लिए करीब 300 खाली पड़े पदों को भरने की मांग की है. नागरिक सुरक्षा निदेशालय ने अधिकारियों की भर्ती के अलावा फोर्स के लिए अहम एयर रेड वॉर्निंग सिस्टम, एम्बुलेंस और गाड़ियों के अलावा इमरजेंसी से जुड़े ढेर सारे उपकरण और गैजेट शामिल करने का अनुरोध किया है. निदेशालय का अनुमान है कि फोर्स में पूरे तौर पर बदलाव को लेकर कम से कम 20 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा.

निदेशालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान कई खामिया सामने आई जिसको लेकर सुझाव दिया गया है कि फोर्स को फ्लोरोसेंट सुरक्षा जैकेट और रस्सियां, गमबूट, हार्नेस, दस्ताने, स्ट्रेचर, फर्स्ट एड किट,



हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, मेकशिफ्ट टेंट और इमरजेंसी लाइट जैसी कई चीजें खरीदनी चाहिए ताकि इसे और अधिक मजबूत बनाया जा सके. इस बीच, राज्य सरकार ने मुंबई यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में नागरिक सुरक्षा पाठ्यक्रम को भी शामिल करने का फैसला लिया है, जिसमें संकट के समय स्वयंसेवक आधारित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की अहम भूमिका को तवज्जो दी गई है. खासतौर से भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच देश के कई शहरों में मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया था. ब्लैकआउट के अलावा 16 प्रमुख शहरी क्षेत्रों में कई जगहों पर मॉक ड्रिल अभ्यास कराई गई.

महाराष्ट्र के कई तटीय जिलों के साथ-साथ पुणे, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर में कराए गए मॉक ड्रिल के दौरान कई तरह की खामियां सामने आई थी, और इन कमियों के सामने आने के बाद ही नागरिक सुरक्षा पर फिर से ध्यान केंद्रित किया गया है. इस ड्रिल का मकसद स्वयंसेवकों और आम जनता के बीच बचाव कार्यों, चिकित्सीय मदद और अन्य आपातकालीन सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था.

# मुंबई : शिवसेना नेता उदय सामंत ने एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे से मुलाकात की

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के बीच संभावित मेल-मिलाप की अटकलों ने खूब सुर्खियां बटोरीं. इस बीच राज्य के मंत्री और शिवसेना नेता उदय सामंत ने एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे से मुलाकात की. यह मुलाकात मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य स्थानों पर होने वाले नगर निगम चुनावों से पहले हुई है, लेकिन सामंत ने कहा कि उन्होंने राजनीति पर चर्चा नहीं की. सामंत ने बताया कि वह आधिकारिक काम से दादर इलाके में थे और उन्होंने राज ठाकरे से मुलाकात की जो उसी इलाके में रहते हैं. पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, ''कोई चर्चा नहीं हुई (एमएनएस और शिवसेना के बीच गठबंधन के बारे में). कोई राजनीतिक बातचीत नहीं हुई.''



**राज ठाकरे-उद्धव ठाकरे ने क्या कहा था?**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने पिछले महीने कहा था कि वे ''मामूली मुद्दों''को नजरअंदाज कर सकते हैं, जिसके बाद उनके बीच संभावित सुलह की अटकलें लगने लगी. एमएनएस प्रमुख ने कहा कि मूल मराठी भाषियों के हितों के लिए एकजुट होना कठिन नहीं है, वहीं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह छोटी-मोटी लड़ाइयां परे रखने के लिए तैयार हैं, बशर्ते कि महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वालों को राज द्वारा समर्थन न दिया जाए.

माना जा रहा है कि उद्धव का इशारा बीजेपी और एकनाथ शिंदे की ओर था, जिन्होंने 2022 में शिवसेना को विभाजित कर दिया. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना आगामी नगर निगम चुनावों में गठबंधन के लिए एमएनएस को साथ लाने का प्रयास कर रही है. शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने कहा कि पार्टी ने राज ठाकरे की पहल पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा, ''हम उनके जवाब का इंतजार कर रहे हैं. हमने जनता की भावनाओं का सम्मान किया है.

# बीमारी से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या !

**मुंबई :** दहिसर इलाके से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मंगलवार दोपहर एक 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने बीमारी से तंग आकर सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की। मृतका की पहचान मर्लिन मेनन के रूप में हुई है, वो पिछले छह महीनों से न्यू हेरिटेज बिल्डिंग की सातवीं मंजिल पर अकेली रह रही थीं। बताया गया है कि उनके पति का निधन कुछ महीने पहले हो गया था। पुलिस के अनुसार, महिला लंबे समय से बीमारी से जूझ रही थीं और मानसिक रूप से भी परेशान थीं। उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उन्होंने अपनी बीमारी और मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या करने की बात लिखी है। घटना का पता तब चला जब सोसायटी के चौकीदार ने खून से लथपथ शव को बिल्डिंग के नीचे देखा, उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एमएचबी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि महिला की मौत के बाद आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच जारी है।

# मुंबई : नदी की रेत पर निर्भरता कम करने के लिए कृत्रिम रेत (एम सैंड) नीति को मंजूरी...

**मुंबई :** प्राकृतिक रेत (नदी रेत) पर निर्भरता कम करने के लिए कृत्रिम रेत (एम सैंड) नीति को राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष पेश किया गया। राज्य में कृत्रिम रेत के उत्पादन और उपयोग के लिए तैयार की गई नीति को राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी, ताकि प्राकृतिक रेत के अत्यधिक दोहन से उत्पन्न पर्यावरणीय संकट को रोका जा सके और निर्माण क्षेत्र को एक वैकल्पिक और टिकाऊ संसाधन उपलब्ध कराया जा सके। इस नीति के अनुसार सार्वजनिक निर्माण में कृत्रिम रेत के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा।

कृत्रिम रेत के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार रॉयल्टी शुल्क में रियायत देगी। रेत उत्पादन में प्रति ब्रास 200 रुपये रॉयल्टी देने को मंजूरी दी गई है। अभी प्रति ब्रास 600 रुपये रॉयल्टी होती है। एम सैंड नीति की मंजूरी के साथ नई दर पर रॉयल्टी वसूलने को कहा गया है। एम सैंड नीति में कहा गया कि खदानों से निकले कचरे और पहाड़ों की खुदाई से प्राप्त पत्थरों से क्रशर की मदद से तैयार की गई यह कृत्रिम रेत प्राकृतिक रेत का विकल्प हो सकती है । इस नीति के अनुसार , जिला प्रशासन और वन विभाग से अनुमति



प्राप्त करने के बाद एम-सैंड इकाइयां स्थापित करने की अनुमति दी जाएगी और पर्यावरण नियमों का अनुपालन करना आवश्यक होगा।

सरकार ने राज्य के सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और सार्वजनिक संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे अपनी निर्माण परियोजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर एम-सैंड का उपयोग करें। इसके अलावा, यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय मानक ब्यूरो (आईएस 383:2016) के मानदंडों के अनुसार केवल गुणवत्ता वाले एम-रेत का उपयोग किया जाना चाहिए।

इस निर्णय से राज्य के निर्माण क्षेत्र में बड़ा बदलाव आने की संभावना है। सरकार के इस कदम से पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। सरकार की तरफ से कहा गया कि एम सैंड निवेश के लिए प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे, जिनमें औद्योगिक प्रोत्साहन अनुदान, ब्याज सब्सिडी, बिजली शुल्क से छूट, स्टांप शुल्क माफी और बिजली दरों पर सब्सिडी शामिल हैं। कृत्रिम रेत (एम-सैंड) नीति के मुताबिक उद्योग विभाग प्रत्येक जिले में 50 व्यक्तियों/संगठनों को एम-सैंड इकाइयां स्थापित करने के लिए रियायत प्रदान करेगा। इसके अलावा एम-सैंड उत्पादक इकाइयों को प्रति ब्रास 200 रुपये की छूट दी जाएगी। सरकार का मानना है कि एम-सैंड इकाइयां स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाएंगी, प्राकृतिक रेत पर निर्भरता कम करेंगी और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगी । इसके लिए जिला स्तरीय समितियां गठित की जाएगी तथा नीति को सख्ती से लागू करने के लिए अलग से निगरानी तंत्र बनाया जाएगा। गौरतलब है महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने राज्य की नयी रेत उत्खनन नीति को मंजूरी दी है।

## ठाणे : सैकड़ों परिवारों के साथ बड़ी धोखाधड़ी करने के आरोप में डेवलपर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा - विधायक संजय केलकर



**ठाणे :** ठाणे के विधायक संजय केलकर ने एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि ठाणे शहर के वर्तकनगर में म्हाडा की पांच इमारतों का पुनर्विकास करीब 14 वर्षों से रुका हुआ है और सैकड़ों परिवारों के साथ बड़ी धोखाधड़ी करने के आरोप में डेवलपर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

उल्लेखनीय हैं कि ठाणे शहर में वर्तकनगर में म्हाडा भवनों का पुनर्विकास पिछले 14 वर्षों से रुका हुआ है। यहां के निवासियों का आरोप है कि सैकड़ों साधारण परिवारों के साथ घोर धोखा किया गया है। बिल्डिंग नं. 48, 49, 50, 11 आदि के निवासियों ने विधायक संजय केलकर से मिलकर इसकी शिकायत की थी। इस संबंध में विधायक केलकर ने आज ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे से मुलाकात कर यह मांग की कि मामले को आर्थिक अपराध शाखा को स्थानांतरित कर मामला दर्ज किया जाए।

आज इस मामले में ठाणे विधायक संजय केलकर ने कहा, ''मैं पिछले दो वर्षों से इस पर काम कर रहा हूं।'' आज मेरी पुलिस आयुक्त डुम्बरे और संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। जबकि संबंधित डेवलपर्स न तो निर्माण कर रहे हैं और न ही काम रोक रहे हैं,। इसलिए यहां के परिवार कई वर्षों से अपने सही घरों से वंचित हैं। इन डेवलपर्स ने उनके साथ घोर धोखाधडी की है और उन्होंने आयुक्त से आर्थिक अपराध शाखा के माध्यम से उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। केलकर ने बताया कि आयुक्त ने कहा कि वे इस संबंध में मामला दर्ज कराएंगे। विधायक संजय केलकर ने बताया कि इसी तरह ठाणे में तीन वर्षों से हुक्का पार्लर मुक्त ठाणे आंदोलन चल रहा है और कुछ हुक्का पार्लर स्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं, लेकिन कुछ पार्लर और परमिट रूम अभी भी पिछले दरवाजे से खुले हैं। उन्होंने चेतावनी भी दी कि इन अवैध धंधों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, अन्यथा भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौके पर जाकर अपना रोष प्रकट करेंगे। हमने इस संबंध में पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे से मुलाकात की है और कार्रवाई की मांग की है। इस पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि ठाणे पुलिस मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## काले जादू की सामग्री से कुएं प्रदूषित करने पर दंपती और तांत्रिक के खिलाफ केस दर्ज...

**नवी मुंबई :** अपनी बेटी का प्रेम संबंध तोड़वाने के लिए काले जादू का सहारा लेने वाले नवी मुंबई के एक दंपती और एक स्वयंभू तांत्रिक के खिलाफ रेवदांडा पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोप है कि इन लोगों ने मुरुड तालुका के कई सार्वजनिक कुओं में काले जादू से जुड़ी सामग्री फेंककर पानी को प्रदूषित किया और इलाके में दहशत फैलाई। रविवार सुबह, नेरुल सेक्टर 23 निवासी एक दंपती ने अपनी बेटी को एक कथित अवांछित रिश्ते से अलग करने के लिए एक तांत्रिक की मदद ली। पुलिस के अनुसार तांत्रिक ने उन्हें पांच जादुई ईंटें'', विभूति (राख), ताबीज और अन्य संदिग्ध वस्तुएं दीं। इसके बाद तीनों ने नेरुल से मुरुड के रास्ते में सालाव पुल से लेकर ताडवाड़ी तक कई सार्वजनिक कुओं में ये सामग्री फेंक दी। स्थानीय लोगों ने तीनों को कुओं में संदिग्ध वस्तुएं डालते हुए देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। रेवदांडा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। एक पुलिस



अधिकारी ने बताया, ये सामग्री लोगों में डर फैलाने और सार्वजनिक जलस्रोत को नुकसान पहुंचाने के इरादे से डाली गई थी।

**गंभीर धाराओं में मामला दर्ज**

पुलिस ने तीनों आरोपियों पर महाराष्ट्र अंधश्रद्धा उन्मूलन व अमानवीय, अघोरी प्रथा और काला जादू विरोधी कानून 2013, और भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 279 (सार्वजनिक जल स्रोत को जानबूझकर प्रदूषित करना) के तहत मामला दर्ज किया है। रविवार रात तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया, और आगे की जांच जारी है।

## मुंबई : एल एंड टी के कर्मी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु...




**मुंबई :** बांद्रा पुलिस थाने की हद में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान टुनटुन कुमार शाह (38) के रूप में हुई है, जो एल एंड टी कंपनी में कार्यरत था। सड़क पर कराटे वक्त एक अज्ञात चालक ने उसे टक्कर मार दी और बिना कोई इलाज दिलाये मौके से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिसकर्मी और अधिकारी नियमित ड्यूटी पर बांद्रा पुलिस स्टेशन के वायरलेस मोबाइल वाहन पर गश्त कर रहे थे। तभी शाम 5:02 बजे उन्हें कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि बांद्रा-वर्ली सी-लिंक टोल प्लाजा के पास एक सड़क हादसा हुआ है और वहां पुलिस सहायता की आवश्यकता है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति सड़क के बीचोंबीच खून से लथपथ अवस्था में पड़ा था। उसके सिर में गहरी चोट थी और नाक, कान और मुंह से खून बह रहा था। छाती और पेट पर भी गंभीर चोटें थीं। उसे तुरंत पुलिसकर्मियों ने उठाया और जांच के लिए उसे तुरंत भाभा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

## मुंबई : रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद टेस्ट क्रिकेट को भी कह दिया अलविदा

**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज और अनुभवी कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया है. 'हिटमैन'का टेस्ट करियर जरुर छोटा रहा. मगर मैदान में शिरकत करते हुए उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा. यही वजह है कि रोहित शर्मा के संन्यास से हर कोई निराश है. 'हिटमैन'शर्मा के टेस्ट रिटायरमेंट के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनसे खास मुलाकात की है. इस दौरान उन्होंने उनके सफल टेस्ट करियर की बधाई भी दी. जिसकी तस्वीरें सामने आई हैं.

बात करें रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट करियर के बारे में तो वह देश के लिए 2013



से 2024 के बीच 67 टेस्ट मुकाबले खेलने में कामयाब रहे. इस बीच उनके बल्ले से 116 पारियों में 40.57 की औसत से 4301 रन निकले. रोहित के नाम टेस्ट क्रिकेट में 12 शतक और 18 अर्धशतक दर्ज है. यहां उनकी 212 रनों की खेली गई पारी उनके टेस्ट करियर की व्यक्तिगत रूप से सबसे बड़ी पारी है. रोहित शर्मा ने जरुर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है. मगर वनडे क्रिकेट में वह खेलना जारी रखेंगे. खबर लिखे जाने तक देश के लिए उन्होंने 273 वनडे मुकाबले खेले हैं. इस बीच उनके बल्ले से 265 पारियों में 48.77 की औसत से 11168 रन निकले हैं. रोहित के नाम वनडे में तीन दोहरा शतक, 32 शतक और 58 अर्धशतक दर्ज है. मौजूदा समय में रोहित शर्मा आईपीएल के 18वें सीजन में व्यस्त हैं. यहां वह किसी और टीम का नहीं बल्कि लाखों दिलों की चहेती मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा हैं. खबर लिखे जाने तक टूर्नामेंट में उन्होंने 11 मुकाबलों में हिस्सा लिया है. इस बीच उनके बल्ले से 11 पारियों में 30.00 की औसत से 300 रन निकले हैं.

# मुंबई : रेलवे की लकी यात्री योजना; 10,000 नकद और हर हफ्ते 50,000 एक बंपर पुरस्कार ...

**मुंबई :** लोकल ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. रेलवे की लकी यात्री योजना के तहत अब हर दिन एक लकी यात्री को 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार और हर हफ्ते 50,000 रुपये का एक बंपर पुरस्कार दिया जाएगा. मुंबई लोकल ट्रेन में सफर करने वालों के लिए रेलवे की तरफ से शुरू की गई यह योजना 20 मार्च से शुरू की गई है. योजना को आने वाले 8 सप्ताह तक चालू रखा जाएगा, रेलवे की इस योजना का मकसद खास कर उन लोगों को टारगेट करना है जो बिना टिकट यात्रा करते हैं, जिससे रेलवे को नुकसान होता है. ऐसे में रेलवे का मकसद यात्रियों को टिकट के लिए प्रोत्साहित करना भी है.

**4 से 5 हजार से ज्यादा यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं**

डेटा के मुताबिक मुंबई लोकल ट्रेन में हर दिन 4 से 5 हजार से भी ज्यादा यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं, ऐसे में योजना के लालच में यात्री टिकट खरीदकर यात्रा करेंगे. इस योजना के तहत विजेता का चयन स्टेशनों पर टिकट चेकर के चयन तरीके से किया जाएगा. मध्य रेलवे के प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा,



*''भाग्यशाली यात्री को अपना वैध टिकट या सीजन पास दिखाना होगा, टिकट की जांच के बाद, नकद पुरस्कार तुरंत सौंप दिया जाएगा. योजना सभी यात्रियों के लिए खुली है, चाहे वे डेली टिकट के साथ यात्रा कर रहे हों या सीजन पास के साथ.''*

सेंट्रल रेलवे पर रोजाना औसतन 40 लाख यात्री सफर करते हैं, अनुमान के मुताबिक, इनमें से करीब 20% यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं. नियमित जांच अभियानों के दौरान हर दिन 4,000 से 5,000 टिकटलेस यात्रियों को पकड़ा जाता है. इस योजना के जरिए सेंट्रल रेलवे का मकसद टिकटलेस यात्रा को हतोत्साहित करना और वैध टिकट के साथ यात्रा करने की आदत को बढ़ावा देना है.

**यात्रियों में बढ़ा उत्साह**

इस घोषणा से मुंबई के लाखों यात्रियों में उत्साह देखने को मिल रहा है. बदलापुर से उरळ तक रोजाना यात्रा करने वाले रणजीत त्रिपाठी का कहना है कहा कि, 30 रुपये की टिकट खरीदकर ₹10,000 जीतने का सोचकर ही मैं बहुत खुश हूं, पहली बार रेलवे ने किराया बढ़ाने के अलावा कुछ सोचा है. डोम्बिवली से अंधेरी नौकरी के लिए जानेवाली यात्री विजेता सिद्धार्थ त्रिपाठी ने कहा कि अच्छा है इससे टिकटलेस यात्रा को रोकने के लिए यह एक शानदार कदम है और इसके साथ ही पैसे भी जितने का मौका मिलेगा यह तो सोने पर सुहागा है.

## अमरूद और मटर के दाम छूने लगे आसमान...

## रसोई का बजट बिगाड़ रही महंगाई!



**ठाणे :** बेमौसम बारिश ने एक बार फिर आम आदमी की थाली से सब्जियां गायब करनी शुरू कर दी हैं। बाजार में अमरूद, मटर और हरी मात्र जैसे रोजमर्रा के इस्तेमाल की सब्जियां 100 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई हैं। हरी फली की कीमतें तो 150 रुपए किलो तक जा पहुंची हैं, जिससे गृहणियों की चिंता बढ़ गई है।

बता दें कि सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक, लगातार बदलते मौसम और बारिश से फसलें खराब हुई हैं, जिससे सब्जियों की आवक कम हो गई है। ठाणे के सब्जी विक्रेता भगवान तुपे ने बताया कि हरी मटर पहले जहां 60 से 70 रुपए में मिल रही थी, अब 125 से 150 रुपए किलो बिक रही है। मटर, राजमा और आलू भी 100 से 120 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। हालांकि कुछ सब्जियां अभी भी राहत दे रही हैं। लाल कद्दू, खीरा और गाजर जैसे उत्पाद 40 से 60 रुपए किलो में उपलब्ध हैं। वहीं, बड़ी भिंडी 50 से 60 रुपये किलो और छोटी भिंडी 80 रुपये किलो में बिक रही है। बाजार में हाहाकार मचा है और आम उपभोक्ता सब्जियों की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। अगर मौसम का यही हाल रहा, तो आने वाले दिनों में रसोई का बजट और अधिक गड़बड़ा सकता है।

## कोस्टल रोड पर सुरक्षा उपायों की अनदेखी...

## एक साल में हो चुकी है 9 दुर्घटना

**मुंबई :** मरीन ड्राइव से वर्ली सीलिंक तक बने कोस्टल रोड को वाहनों के लिए मार्च 2024 से चरणबद्ध रूप में खोला दिया गया है। मनपा ने कोस्टल रोड को वाहनों के लिए जरूर खोला लेकिन सुरक्षा को लेकर नजरअंदाज कर दिया गया। मार्च 2024 से अब तक इस मार्ग पर कुल नौ सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी है। जिनमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं। एक दुर्घटना के दौरान वाहन में आग लगने की भी घटना घटी। इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज रफ्तार और स्टंटबाजी बताया गया है। इस मार्ग पर तेज गति को नियंत्रित करने के लिए न तो सीसीटीवी



कैमरे लग पाए है और न ही सुरक्षा बल। आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन केंद्र जैसे सुरक्षा उपाय अभी तक लागू नहीं किए गए हैं। मुंबई कोस्टल रोड का निर्माण प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर से लेकर बांद्रा वर्ली सी लिंक के वर्ली छोर तक किया गया है।

## 4 से 5 हजार से ज्यादा यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं



**मुंबई :** डेटा के मुताबिक मुंबई लोकल ट्रेन में हर दिन 4 से 5 हजार से भी ज्यादा यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं, ऐसे में योजना के लालच में यात्री टिकट खरीदकर यात्रा करेंगे। इस योजना के तहत विजेता का चयन स्टेशनों पर टिकट चेकर के चयन तरीके से किया जाएगा।

मध्य रेलवे के प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा, ''भाग्यशाली यात्री को अपना वैध टिकट या सीजन पास दिखाना होगा, टिकट की जांच के बाद, नकद पुरस्कार तुरंत सौंप दिया जाएगा। योजना सभी यात्रियों के लिए खुली है, चाहे वे डेली टिकट के साथ यात्रा कर रहे हों या सीजन पास के साथ।'' सेंट्रल रेलवे पर रोजाना औसतन 40 लाख यात्री सफर करते हैं, अनुमान के मुताबिक, इनमें से करीब 20% यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं। नियमित जांच अभियानों के दौरान हर दिन 4,000 से 5,000 टिकटलेस यात्रियों को पकड़ा जाता है। इस योजना के जरिए सेंट्रल रेलवे का मकसद टिकटलेस यात्रा को हतोत्साहित करना और वैध टिकट के साथ यात्रा करने की आदत को बढ़ावा देना है।

## मुंबई : मैं साइबर क्राइम ब्रांच मुंबई से बोल रहा हूं,पुलिस आपको अरेस्ट करने आपके घर आ रही है; मुंबई क्राइम ब्रांच के नाम पर स्कैम...

**मुंबई :** सरकारी विभाग से रिटायर एक शख्स को अचानक अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच से बताया। इसके बाद स्कैम को आरोप लगाकर सीबीआई के नाम से वॉरंट भी जारी कर दिया। बस, इसी डर का फायदा उठाकर उस कथित मुंबई क्राइम वाले स्कैमर ने करीब 14 लाख से अधिक की रकम वसूल कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक पीड़ित कैलाश परिवार के साथ किशनगंज में रहते हैं। वह बीएसएनएल से रिटायर हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन्हें अनजान नंबर से एक विडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि 'मैं साइबर क्राइम ब्रांच मुंबई से बोल रहा हूं, आपका यह मोबाइल सिम बंद किया जा रहा है, क्योंकि आपके नेटबैंकिंग अकाउंट से एक कंपनी फ्रॉड पकड़ा गया है, पुलिस आपको अरेस्ट करने आपके घर आ रही है'। यह सुनकर वह भयभीत हो गए। इसी डर का फायदा उठाकर कॉल करने वाले ने तमाम पर्सनल जानकारी पूछी। यह भी बताया कि आपको सजा होगी। इसके कुछ समय बाद पीड़ित का नाम पता लिखा हुआ एक सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के नाम से लेटर वट्सऐप पर आया। उसमें तमाम सारी कानूनी कार्रवाई का डर दिखाते हुए एफआईआर दर्ज होने की बात थी।

**पीड़ित ने क्या बताया?**

पीड़ित ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि उनका कैनरा बैंक का अकाउंट लगभग 20-25 साल पहले बंद हो चुका था। पीड़ित के मुताबिक इसके बाद कथित मुंबई क्राइम ब्रांच अफसर ने बैंक अकाउंट और आईएफएससी कोड भेजा। कहा कि यह सरकारी अकाउंट है, जांच पूरी होने तक सारा पैसा इस अकाउंट में भेज दो, हो सकता है मामला रफा दफा हो जाए। पीड़ित ने 14,17,638 रुपये उस अकाउंट में आरटीजीएस कर दिए। इस भरोसे में कि यह रकम जांच के बाद लौट आएगी। इसके बाद पीड़ित को अहसास हुआ कि उसके साथ मुंबई क्राइम ब्रांच के नाम पर स्कैम हुआ है। हाथों हाथ पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया। वहां पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। नॉर्थ साइबर सेल थाने की पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लोकल ट्रेन के यात्रियों की लगेगी लॉटरी...

## रेलवे हर दिन एक लकी यात्री को 10,000 रुपए का पुरस्कार देगी



**मुंबई :** मुंबई लोकल ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। रेलवे की लकी यात्री योजना के तहत अब हर दिन एक लकी यात्री को 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार और हर हफ्ते 50,000 रुपये का एक बंपर पुरस्कार दिया जाएगा। मुंबई लोकल ट्रेन में सफर करने वालों के लिए रेलवे की तरफ से शुरू की गई यह योजना 20 मार्च से शुरू की गई है। योजना को आने वाले 8 सप्ताह तक चालू रखा जाएगा, रेलवे की इस योजना का मकसद खास कर उन लोगों को टारगेट करना है जो बिना टिकट यात्रा करते हैं, जिससे रेलवे को नुकसान होता है। ऐसे में रेलवे का मकसद यात्रियों को टिकट के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

# असम पंचायत चुनाव में राजग की जीत प्रधानमंत्री मोदी की जन-केंद्रित नीतियों का समर्थन : शाह



नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने असम में पंचायत चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मंगलवार को राज्य के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन-केंद्रित नीतियों को हासिल समर्थन की पुष्टि है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि राजग ने जिला परिषद चुनावों में 76.22 फीसदी मतदान प्रतिशत के साथ 397 सीटों में से 300 सीटें जीतीं, जबकि आंचलिक पंचायत चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन को 66 फीसदी वोट प्रतिशत के साथ 2,192 सीटें में से 1436 सीटें हासिल हुईं। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, पंचायत चुनाव 2025 में राजग को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए असम के लोगों का आभार। यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन-केंद्रित नीतियों का समर्थन है, जो असम में शांति और समृद्धि का एक नया युग लेकर आई हैं। गृह मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री शर्मा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया और पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मोदी के विकास के संदेश को घर-घर पहुंचाने के उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी। शाह ने कहा, हम सब मिलकर सभी के लिए एक विकसित असम का निर्माण करेंगे।

## भारत, पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की मध्यस्थता पहले भी होती रही है: मनीष तिवारी

नई दिल्ली

**कांग्रेस के वरिष्ठ** नेता मनीष तिवारी ने मंगलवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच शिमला समझौते के बावजूद तीसरे पक्ष की मध्यस्थता पहले भी होती रही है, चाहे इस वास्तविकता को कोई स्वीकार करे या न करे। उन्होंने यह भी कहा कि पहले और अब में फर्क यह है कि अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुलकर श्रेय लेते हैं। लोकसभा सदस्य तिवारी ने यह टिप्पणी उस वक्त की है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य संघर्ष को रोके जाने पर बनी सहमति को लेकर ट्रंप ने अपनी मध्यस्थता का नतीजा बताया है और इसको लेकर कांग्रेस मोदी सरकार पर निशाना साध रही है। तिवारी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की मध्यस्थता 1990 से चली आ रही एक वास्तविकता है। आप इसे पर्दे के पीछे से किए गए कार्य, ब्रोकरिंग , मध्यस्थता, किसी भी नाम से पुकार सकते हैं।



उनका कहना है कि 1947-1972 तक भारत-पाकिस्तान संबंधों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों, 1972-1990 तक शिमला समझौते, 1990 के बाद तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप द्वारा नियंत्रित किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बस तथ्यों को उसी तरह रख रहे हैं जैसे वे हैं।पूर्व केंद्रीय मंत्री के अनुसार, 1999 में कारगिल के दौरान पर्दे के पीछे से बात हुई और नवाज शरीफ बिना बुलाए और बिना बताए व्हाइट हाउस पहुंच गए तथा भारत की शर्तों पर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हुआ। तिवारी ने इस बात का उल्लेख किया, 2001-02 में ऑपरेशन पराक्रम के लिए लामबंदी के बीच अमेरिका के नेतृत्व में फिर से बहुत सक्रिय रूप से पर्दे के पीछे बात हुई। 2008 में जब मुंबई हमला हुआ, तो यह सुनिश्चित करने के लिए पर्दे के पीछे बात की गई होगी कि चीजें थोड़े संयमित रहें। उनके अनुसार, 2016 में उरी सर्जिकल स्ट्राइक के साथ भी यही हुआ था।कांग्रेस नेता ने कहा कि पहले गोपनीय ढंग से पर्दे के पीछे बातचीत होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है तथा डोनाल्ड खुलकर श्रेय लेते हैं। उनका कहना है, चाहे आप इसे पसंद करें या न करें, शिमला समझौते के बावजूद, तीसरे पक्ष की मध्यस्थता एक वास्तविकता है। हो सकता है कि आप इस हकीकत को स्वीकार न करना चाहें, लेकिन ए हकीकत है। तिवारी ने कहा कि जब दो परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच मिसाइलें दागी जाने लगती हैं तो तीसरे पक्ष हरकत में आते हैं।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में आठ इनामी समेत 14 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आठ इनामी नक्सलियों समेत कुल 14 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिला मुख्यालय में स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज पांच महिला नक्सलियों समेत 14 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से कुहरम भीमा (37), तेलाम हिड़मा (35), माड़वी पोज्जे (30), पोड़ियाम आयते (20), माड़वी मंगड़ी (30), सोड़ी सोना (33), मड़कम हुंगी (25) और रवा लख्खे (35) के सिर पर दो-दो लाख रुपए का इनाम है।अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति और सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नियद नेल्लानार (आपका अच्छा गांव) योजना से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों की अमानवीय और आधारहीन विचारधारा और उनके शोषण से तंग आकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया गया है।उन्होंने बताया कि आत्मसर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति-2025 के तहत 50-50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि और कपड़े प्रदान किए गए। उन्हें अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

## शीर्ष भारतीय सैन्य अधिकारी ने विदेशी रक्षा अताशे को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी

नई दिल्ली

**भारतीय सेना के** एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को कई देशों के रक्षा अताशे या उनके प्रतिनिधियों को ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डी एस राणा ने दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में ब्रीफिंग का आयोजन किया। सूत्रों ने बताया कि कई प्रमुख देशों के साथ इस्लामी देशों के रक्षा अताशे भी इस ब्रीफिंग में शामिल हुए। इसमें स्वीडन, नेपाल, फिलीपीन, मिस्र तथा अन्य देशों के रक्षा अताशे (दूतावास का वह अधिकारी, जिसे विशेष दायित्व सौंपा जाता है) भी शामिल हुए। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डी एस राणा ने 70 देशों के अताशे को ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी, जिसने भारत-पाकिस्तान संबंधों में नए मानदंड स्थापित किए हैं, और नए युग के युद्ध में सैन्य श्रेष्ठता के माध्यम से भारत की प्रदर्शित शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प को उजागर किया है। अधिकारियों ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल राणा ने पुष्ट आतंकी संबंधों के आधार पर लक्ष्यों के चयन के लिए सोच समझकर बनाई गई योजना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा घोषित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए गहन बहु-क्षेत्रीय अभियानों के माध्यम से की गई एकीकृत, सटीक और त्वरित प्रतिक्रिया पर भी ब्रीफिंग के दौरान प्रकाश डाला गया। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने पोस्ट में कहा, ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के बीच तालमेल से प्रभावी कार्वाई की गई। इसके साथ ही अंतरिक्ष, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के क्षेत्रों में भारतीय सशस्त्र बलों की तकनीकी श्रेष्ठता को रेखांकित किया गया। डीआईए के महानिदेशक ने हैशटैग ऑपसिंदूर , जस्टिसइजसर्व्ड , जीरोटोलरेंसफॉरटेरर का इस्तेमाल करते हुए कहा, प्रतिद्वंद्वी द्वारा चलाए जा रहे निरंतर भारत विरोधी दुष्प्रचार अभियान और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता पर इसके प्रभाव का विश्वसनीय रिकॉर्ड भी प्रस्तुत किया। अधिकारियों ने बताया, हमारे देश के दृष्टिकोण के तौर-तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया, जिसने प्रभावी ढंग से और तेजी से झूठे विमर्शों का मुकाबला किया। ब्रीफिंग में शामिल हुए एक रक्षा अताशे ने कहा, पिछले कई दिनों में जो कुछ हुआ है, उसके बारे में सीधे भारतीय सैन्य पक्ष से जानकारी प्राप्त करना अच्छा था।

## दरगाह विध्वंस विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना याचिका पर उत्तराखंड से जवाब मांगा

नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय ने** उत्तराखंड में एक पंजीकृत वक्फ संपत्ति को ध्वस्त करने के मामले में एक अवमानना याचिका पर राज्य के अधिकारियों से मंगलवार को जवाब तलब किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को चुनौती देने के मामले में केंद्र द्वारा 17 अप्रैल को शीर्ष अदालत के समक्ष दिए गए आश्वासन के बावजूद देहरादून में एक दरगाह को 25-26 अप्रैल की मध्यरात्रि में बिना किसी नोटिस के ध्वस्त कर दिया गया। शीर्ष अदालत के 17 अप्रैल के आदेश में कहा गया है, अगली सुनवाई की तारीख तक, उपयोग के द्वारा वक्फ सहित कोई भी वक्फ न तो अधिसूचित किया जाएगा और न ही उसके चरित्र या स्थिति में कोई



बदलाव किया जाएगा, भले ही वह अधिसूचना के माध्यम से या पंजीकरण के माध्यम से घोषित किया गया हो। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष अवमानना याचिका सुनवाई के लिए आई। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि धार्मिक स्थल को 1982 में वक्फ संपत्ति के रूप में पंजीकृत किया गया था और शीर्ष अदालत के समक्ष केंद्र द्वारा दिए गए बयान के बावजूद इसे ध्वस्त कर दिया गया। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, हम इसे उन मामलों (वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 से संबंधित) के साथ सुनवाई के लिए रखेंगे। पीठ ने उत्तराखंड के अधिकारियों को याचिका पर जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया और सुनवाई 15 मई को तय की। शीर्ष अदालत वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को चुनौती देने वाली याचिका पर 15 मई को सुनवाई करेगी। अधिवक्ता फुजैल अहमद अय्यूबी के माध्यम से दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि दरगाह हजरत कमाल शाह को 1982 में सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ्स, लखनऊके साथ वक्फ संपत्ति के रूप में पंजीकृत किया गया था। याचिका में कहा गया है कि यह 150 से अधिक वर्षों से धार्मिक महत्व का एक प्रतिष्ठित स्थल है और एक निर्विवाद वक्फ संपत्ति है।


## भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान अनुपस्थित रहे कर्मचारियों का वेतन रोका

**राजौरी-जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) एवं अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि वह भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित रहे अपने कई कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं करेगा। अधिकारी ने बताया कि दंडित कर्मचारियों में संकाय सदस्य, कंसल्टेंट, सीनियर रेजिडेंट, जूनियर रेजिडेंट, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल कर्मी, तकनीकीकर्मी, मंत्रालईकर्मी, मल्टी-टास्किंग कर्मचारी, इंटर्न और कई अन्य शामिल हैं जो सात मई को शहर से भाग गए थे।

## शांतिपूर्ण तरीके तलाशने के लिए मोदी सरकार को राजनीतिक रूप से दंडित नहीं किया जाना चाहिए : मुफ्ती

श्रीनगर

**पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी** (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को शांतिपूर्ण तरीके तलाशने के लिए राजनीतिक रूप से दंडित नहीं किया जाना चाहिए और विपक्ष को राजनीति से ऊपर उठकर शांति एवं स्थिरता के लिए वास्तविक प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं सभी विपक्षी दलों से अपील करती हूं कि वे बिना सोचे-



समझे आलोचना करने या राजनीतिक फायदा देखने की प्रवृत्ति से बचें। जिस तरह पहलगाम की घटना ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक आवाजें एक कर दीं, उसी तरह शांति प्रक्रिया के इर्द-गिर्द राष्ट्रीय आम सहमति बनाने की जरूरत है, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों अटल बिहारी वाजपेई और मनमोहन सिंह जैसे नेताओं ने साबित कर दिया कि सुरक्षा या संप्रभुता से समझौता किए बिना, तनावपूर्ण समय में भी सीमा पार बातचीत संभव है। मुफ्ती ने कहा, मोदी सरकार को शांतिपूर्ण तरीके तलाशने के लिए राजनीतिक रूप से दंडित नहीं किया जाना चाहिए। यह विभाजन का नहीं, बल्कि सभी के साथ आने का समय है। विपक्षी दलों को राजनीति से ऊपर उठकर शांति और स्थिरता के लिए वास्तविक प्रयासों का समर्थन करना चाहिए।

## इंदिरा गांधी जीवित होतीं तो पूछा जाता कि शिमला समझौते में उन्होंने पीओके क्यों नहीं वापस लिया: हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी आज जीवित होतीं, तो वह उनसे पूछते कि उन्होंने शिमला समझौते में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस क्यों नहीं लिया या 1971 के युद्ध में भारत की जीत के बाद चिकन नेक कॉरिडोर (सिलीगुड़ी गलियारा) को 100 मील तक क्यों नहीं बढ़ाया। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को दोनों देशों द्वारा सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने 1971 का युद्ध जीता था। अगर इंदिरा गांधी आज जीवित होतीं तो मैं उनसे पूछता कि उन्होंने इस्लामिक राष्ट्र के निर्माण की अनुमति क्यों दी। उन्होंने शिमला समझौते में पीओके को वापस क्यों नहीं लिया? सिलीगुड़ी गलियारे की चौड़ाई 100 मील से ज्यादा करने के लिए बांग्लादेश से बातचीत क्यों नहीं की। पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति का बचाव करते हुए शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकी नेटवर्क को नष्ट करना था और इसे छह मई की रात को ही सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, इसके बाद पाकिस्तान ने आतंकवादियों की ओर से जवाबी कार्रवाई की और भारत ने बहुत बहादुरी से उसका जवाब दिया।

## मैक्रों ने जुलाई में ब्रिटेन की राजकीय यात्रा का निमंत्रण स्वीकार किया : बकिंघम पैलेस

लंदन। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों जुलाई में ब्रिटेन की राजकीय यात्रा करेंगे। बकिंघम पैलेस (ब्रिटेन का शाही महल) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों की यात्रा ऐसे समय में होगी, जब दोनों देश रूसी आक्रामकता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक व्यापार नीति से होने वाले आर्थिक नुकसान से निपटने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की क्वायद में जुटे है। बकिंघम पैलेस के मुताबिक, मैक्रों अपनी पत्नी ब्रिगेट के साथ आठ से 10 जुलाई तक ब्रिटेन की यात्रा पर होंगे और इस दौरान दोनों विंडसर कैसल में ठहरेंगे। तारीखों की घोषणा से यह स्पष्ट है कि मैक्रों की राजकीय यात्रा ट्रंप के संभावित दौरे से पहले होगी।

## ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने सॉल्यूशंस पेश किए

मुंबई। इनोवेटिव पॉवर सॉल्यूशंस प्रदान करने वाले ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड (ईएपीएल) ने लखनऊ एनर्जी एक्सपो में अपने सोलर सॉल्यूशंस की नई श्रृंखला पेश की, जिसमें ग्रिड-टाई, ऑफ-ग्रिड और हाईब्रिड सहित संपूर्ण सेगमेंट में सोलर एनर्जी सॉल्यूशन शामिल हैं।ईस्टमैन की यह नई श्रृंखला तीन मुख्य सेगमेंट्स - ऑन-ग्रिड, ऑफ-ग्रिड, और हाईब्रिड सिस्टम्स में एंड-टू-एंड सोलर एनर्जी समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।ईस्टमैन का नया सोलर पीसीयू सोलर लीथियम बैटरी कॉम्बो ऊर्जा की वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के लिए एक कपैक्ट, हाई-परफॉर्मेंस सॉल्यूशन है। ईस्टमैन ने हाईब्रिड इन्वर्टर की नई शक्तिशाली सीरीज पेश की, जो 3 किलोवॉट से 10 किलोवॉट की रेंज में उपलब्ध है। नया लॉन्च किया गया टॉपकॉन 590वॉट सोलर पैनल ज्यादा सोलर एनर्जी उत्पादन के लिए एंटी-रिफ्लेक्टिव (एआर) कोटेड ग्लास से बनाया गया है। ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, शेखर सिंघल ने कहा कि'ईस्टमैन में हम अत्याधुनिक और एंड-टू-एंड सोलर समाधानों के साथ भारत में ऊर्जा का भविष्य मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एनर्जी एक्सपो में हिस्सा लेकर हमने इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और ऑन-ग्रिड, ऑफ-ग्रिड एवं हाईब्रिड सेगमेंट्स में भरोसेमंद उत्पाद प्रदान करने पर अपना फोकस प्रदर्शित किया है।

## प्रारंभिक चुनाव परिणामों में सत्तारूढ़ सोशलिस्ट पार्टी की स्पष्ट जीत के संकेत

तिराना। अल्बानिया में हुए संसदीय चुनाव के मंगलवार को आए प्रारंभिक नतीजों में सत्तारूढ़ सोशलिस्ट पार्टी को स्पष्ट जीत मिलती दिख रही है।सोशलिस्ट पार्टी को मिलती जीत यूरोपीय संघ में शामिल होने की देश की कोशिश और प्रधानमंत्री एडी रामा के चौथे कार्यकाल को जनता के समर्थन का संकेत है।लगभग 96 प्रतिशत मतों की गिनती हो चुकी है, जिसमे रामा की वामपंथी सोशलिस्ट पार्टी को 52.09 प्रतिशत मत मिले है, यानी कि सत्तारूढ़ दल 140 सीट वाली संसद में 82 सीट पर जीत हासिल कर चुका है जबकि सली बेरिशा की दक्षिणपंथी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को 34.44 प्रतिशत या 52 सीट पर जीत मिली है।

## दुतेर्ते ने अपने गृह नगर में मेयर पद का चुनाव जीता

मनीला। फिलीपीन के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते ने अपने गृह नगर दावाओ मे मेयर पद के लिए हुए चुनाव मे भारी मतो से जीत दर्ज की है। मंगलवार को जारी आधिकारिक नतीजो के मुताबिक, मेयर चुनाव मे दुतेर्ते ने 6.60 लाख से अधिक वोट हासिल किए, जो उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी से लगभग आठ गुना ज्यादा है। दुतेर्ते ने यह जीत ऐसे समय मे दर्ज की है, जब मानवता के खिलाफ अपराधों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने उन्हे हिरासत मे लिया है।

## सऊदी अरब के युवराज सलमान ने ट्रंप का देश में पहुंचने पर स्वागत किया



रियाद

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पश्चिम एशिया के चार दिवसीय दौरे पर मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचे और उन्होंने युवराज मोहम्मद बिन सलमान से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म कराने, गाजा में युद्ध समाप्त कराने और तेल की कीमतों को नियंत्रण में रखने के अमेरिका के प्रयासों को लेकर बातचीत की। ट्रंप सऊदी अरब की राजधानी के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने एयर फोर्स वन विमान से उतरे और उनकी पश्चिम एशिया की यात्रा शुरू हुई। इस दौरान युवराज सलमान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता रियाद हवाई अड्डे पर एक बड़े हॉल में गए, जहां ट्रंप और उनके साथ आए लोगों को परंपरागत अरेबिक कॉफी परोसी गई। ट्रंप का एयर फोर्स वन विमान जब रियाद पहुंचा, तो रॉयल सऊदी एयर फोर्स के एफ–15 विमानों ने उसे एस्कॉर्ट किया। ट्रंप और युवराज सलमान रॉयल कोर्ट में दोपहर के भोज में शामिल हो रहे हैं, जिसमें मेहमान और सहयोगी भी शामिल हैं। इस समारोह में अनेक उद्यमियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिनमें ब्लैकस्टोन ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्टीफन श्वार्जमैन, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक और टेस्ला तथा स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क शामिल हैं।

# बृहस्पतिवार को अंकारा में पुतिन का इंतजार करूंगा: जेलेंस्की

कीव

**यूक्रेनी राष्ट्रपति** वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि वह तीन साल से ज्यादा वक्त से जारी युद्ध के बारे में आमने–सामने बातचीत करने के लिए इस सप्ताह तुर्किए की राजधानी में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्रतीक्षा करेंगे। पुतिन ने अब तक यह नहीं बताया है कि वह वार्ता में शामिल होंगे या नहीं, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लड़ाई रोकने के वाशिंगटन के प्रयासों के तहत दोनों पक्षों से वार्ता में शामिल होने का आग्रह किया है। जेलेंस्की ने कीव में संवाददाताओं से कहा कि वह वार्ता करने के लिए बृहस्पतिवार को अंकारा में होंगे। उन्होंने कहा कि वह तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन से मिलने की योजना बना रहे हैं और वे दोनों पुतिन के आने का इंतज़ार करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि अगर पुतिन बैठक के लिए इस्तांबुल को चुनते हैं, तो दोनों नेता वहां



जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि पुतिन नहीं आते हैं तो इसका मतलब होगा कि वह युद्ध समाप्त नहीं करना चाहते हैं। यूक्रेनी नेता ने कहा कि अगर पुतिन वार्ता के लिए नहीं आते हैं तो यूरोपीय और अमेरिकी नेताओं को रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाने की धमकी पर अमल करना चाहिए। यूक्रेनी वायु सेना ने मंगलवार को कहा कि रूस ने रात के समय यूक्रेन पर 10 शाहिद ड्रोन और झांसा देने वाले ड्रोन दागे जो इस साल रात में किया गया सबसे छोटा ड्रोन हमला है। रूसी सरकार ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बृहस्पतिवार को इस्तांबुल में होने वाली वार्ता में व्यक्तिगत रूप से मिलने की चुनौती का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया है। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति भवन) के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन संवाददाताओं को बताने से इनकार कर दिया।

## तुर्किए में बातचीत से पहले रूस ने रात में यूक्रेन पर सबसे छोटा हमला किया

कीव। यूक्रेनी वायु सेना ने मंगलवार को कहा कि रूस ने रात के समय यूक्रेन पर 10 शाहिद ड्रोन और झांसा देने वाले ड्रोन दागे जो इस साल रात में किया गया सबसे छोटा ड्रोन हमला है। यह तब किया गया जब दोनों देश तुर्किए में शांति वार्ता की तैयारी कर रहे है।रूसी सरकार ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बृहस्पतिवार को इस्तांबुल में होने वाली वार्ता में व्यक्तिगत रूप से मिलने की चुनौती का सीधे तौर पर जवाब नही दिया है।जेलेंस्की के सलाहकार मिखाइलो पोदोल्यक ने मंगलवार को एक यूट्यूब शो में कहा कि जेलेस्की इस्तांबुल में पुतिन के अलावा किसी अन्य रूसी अधिकारी से मुलाकात नही करेंगे।

## फेडेक्स मझोले उद्यमों को वैश्विक उड़ान देगा

**गाजियाबाद।** दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन उत्तर भारत के उभरते शहरों में छोटे और मझोले उद्यमों को नवाचार के साथ आगे बढ़ने और वैश्विक बाजारों तक पहुँचने में मदद कर रही है। इसके लिए कंपनी ने एसएमई कनेक्ट नामक पहल की हैजो उभरते बिजनेस हब्स में विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक समाधान डिजिटल टूल और रणनीतिक जानकारियाँ लेकर पहुँच रही है। फेडेक्स के वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग कस्टमर एक्सपीरियंस और एयर नेटवर्क क्षेत्र नितिन नवनीत तातीवाला ने कहा कि जब एसएमई अपनी महत्वाकांक्षाएं तेज़ी से बढ़ा रहे हैं, तो हम भी स्मार्ट समाधानोंए मजबूत ढांचे और गहरे जुड़ाव के साथ उसी रफ्तार में काम कर रहे हैं। हम सिर्फ पार्सल नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि उद्यमों की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच पर उड़ान भरने का अवसर दे रहे हैं। वर्ष 2019 में शुरू हुई एसएमई कनेक्ट पहल अब एक जानकारी साझा करने वाले मंच से आगे बढ़कर एक प्रभावशाली प्लेटफॉर्म बन गई है। वित्तीय वर्ष 25 में फेडेक्स ने इस कार्यक्रम को और ज़्यादा व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों से जुड़ा बनाने के लिए संपर्क, अनुभव् और मंत्रा जैसे नए प्रारूप शुरू किए हैं।

# तेलक्षेत्र में सुधार के लिए वैश्विक ऊर्जा दिग्गजों को प्रस्ताव

**मुंबई।** भारत की ऊर्जा कहानी लंबे समय से एक विरोधाभास रही है। एक 10 ट्रिलियन डॉलर की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाए लेकिन कच्चे तेल के लगभग 90प्रतिशत प्राकृतिक गैस के आधे हिस्से और अधिकांश एलपीजी के लिए आयात पर बुरी तरह निर्भर। इस असंतुलन के केंद्र में है तेल और गैस का जूझता हुआ अपस्ट्रीम क्षेत्र कृ जो असंगत भूविज्ञानए अनिश्चित नीतियों और ऐसी वित्तीय व्यवस्था से ग्रस्त है जिसे दुनिया की अधिकांश बड़ी कंपनियाँ जोखिम उठाने लायक नहीं मानतीं। तो जब सरकार ने अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी सुधार पेश किया । 1948 के ऑयल फील्ड्स एक्ट में व्यापक बदलाव , तो उद्योग जगत चौंक कर जरूर बैठा,भले ही उसने पूरी तरह रुचि न दिखाई हो। क्या यह आखिरकार भारत के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।दांव बहुत बड़े हैं। बड़ी उम्मीदों के बावजूद भारत की ओपन एकरेज लाइसेंसिंग नीति जिसे खोजकर्ताओं को लचीलापन देने के लिए बनाया गया था। बार–बार वैश्विक दिग्गज कंपनियों को आकर्षित करने में असफल रही है। हाल ही में हुई नौवीं राउंड में केवल बीपी ने बोली लगाईए वह भी रिलायंस और ओएनजीसी के साथ साझेदारी में। एक्सॉन, शेल, शेवरॉन,अभी भी दर्शक दीर्घा में बैठे हैं। फिर यह बेरुखी क्यों,वजहें छिपी नहीं हैं कृ ये ऐतिहासिक हैं। विदेशी कंपनियों को आज भी याद है कि कैसे भारत ने तेल राजस्व का बड़ा हिस्सा कभी–कभी 70 प्रतिशत तक वापस ले लिया। लीज़ के नियमों को बीच में बदल दियाए और स्पेशल एक्साइज ड्यूटी जैसे अप्रत्याशित कर लगा दिए। रिलायंस.बीपी मध्यस्थता मामले की चोटें, जिसमें भारत ने एक अंतरराष्ट्रीय फैसले को दोबारा अदालत में खींच लिया। अब तक नहीं भरी हैं। जब दांव अरबों डॉलर के हों तो वैश्विक दिग्गज ऐसी बातें नहीं भूलते। भारत की भूगोलिक संरचना बदली नहीं जा सकतीएश् एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्वीकार किया। इसलिए सुधार ही हमारे पास बचा एकमात्र रास्ता है। अब आता है संशोधित ऑयल फील्ड्स एक्ट कृ जिसे भारत का अब तक का सबसे उदार अपस्ट्रीम ढांचा बताया जा रहा है। वैश्विक तेल दिग्गजों के सुझावों के आधार पर तैयार किया गया यह कानूनए तेल क्षेत्रों की आर्थिक उम्र के अनुरूप लंबी और स्थिर लीज़ की गारंटी देता है। यह निवेशकों को मनमाने करों से सुरक्षा देता है औरए सबसे अहम बातए यह मध्यस्थता ;तइपजतंजपवदद्ध में भरोसा बहाल करने की कोशिश करता है कृ सरकार की यह क्षमता सीमित कर दी गई है कि वह ड्रिलिंग कंपनियों को स्थानीय अदालतों में घसीटे। और भी है। अब अन्वेषक विशेष अनुबंधों पर बातचीत कर सकते हैं। उच्च जोखिम वाले ऑफशोर क्षेत्रों मेंए जहां लागत बढ़ती है और लाभ दूर होते हैंए लचीलापन अब विकल्प नहीं रह गया है कृ यह अब जीवन और मृत्यु का सवाल बन गया है। कुछ पहले नो.गो क्षेत्र जो सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित थे, अब विदेशी कंपनियों की रुचि को आकर्षित कर रहे हैं। फिर भी, एक निरंतर चिंता बनी हुई हैरू क्या सरकार इन वादों को पूरा करेगी। राजस्थान के कैरन मंगला फील्ड लीजिए। उसे आखिरकार 10 साल का विस्तार मिला कृ लेकिन वर्षों की अनिश्चितता के बाद। जिन कंपनियों ने पुराने क्षेत्रों को फि र से जीवित करने में अरबों का निवेश किया है।

# इजराइल को हथियार मुहैया कराने में ब्रिटिश सरकार की भूमिका पर कानूनी चुनौती पर सुनवाई की

लंदन

**ब्रिटेन सरकार मंगलवार से** शुरू होने वाली उच्च न्यायालय की सुनवाई में, एफ–35 लड़ाकू विमानों के लिए पुर्जों की आपूर्ति जारी रखने के अपने फैसले का बचाव करेगी, जिनका इस्तेमाल इजराइल द्वारा गाजा में किया जा सकता है। यह कानूनी चुनौती मानवाधिकार समूहों द्वारा पेश की गई थी, जिनकी दलील है कि सरकार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ रही है तथा युद्धक विमानों के लिए आवश्यक पुर्जों को इजराइल को आपूर्ति करने की अनुमति देकर फलस्तीनियों के विरुद्ध अत्याचार में भागीदार है। ब्रिटेन की सरकार ने सितंबर में कहा था कि वह गाजा में संघर्ष में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के लिए 350 मौजूदा निर्यात लाइसेंस में से लगभग 30 को निलंबित कर रही है। उसने कहा था कि वह ऐसा इसलिए कर रही है क्योंकि इस बात का स्पष्ट जोखिम है कि इन वस्तुओं का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का गंभीर उल्लंघन करने या उसे बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। इन उपकरणों में हेलीकॉप्टर और ड्रोन के पुर्जे शामिल थे। हालांकि एफ–35 लड़ाकू विमानों के पुर्जों से संबंधित कुछ लाइसेंस के लिए छूट दी गई, जिनका संबंध गाजा पट्टी में इजराइल के बमबारी अभियान से रहा है। मानवाधिकार समूहों का तर्क है कि ब्रिटेन को इजराइल के अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुपालन के बारे में सरकार के स्वयं के आकलन को देखते हुए पुर्जों का निर्यात जारी नहीं रखना चाहिए। फलस्तीनी मानवाधिकार संगठन अल–हक और ब्रिटेन स्थित ग्लोबल लीगल एक्शन नेटवर्क का कहना है कि इन पुर्जों की वैश्विक पुर्जा आपूर्ति शृंखला के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से इजराइल को आपूर्ति की जाती है। ब्रिटेन के अधिकारियों ने दलील दी है कि एफ–35 लड़ाकू जेट के पुर्जों के निर्यात को रोकने से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## संरा सदस्य देश शांति स्थापना मिशन के लिए अपना वित्तीय योगदान दें : गुतारेस

बर्लिन। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने सदस्य देशों से मंगलवार को कहा कि विश्व निकाय का शांति अभियान केवल उतना ही मजबूत है, जितनी सदस्य देश इसके प्रति प्रतिबद्धता रखते हैं। उन्होंने देशों से उनके योगदान का भुगतान करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र का शांति स्थापना विभाग वर्तमान में कांगो, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, दक्षिण सूडान, लेबनान, साइप्रस और कोसोवो सहित 11 देशों में शांति अभियानों का नेतृत्व कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 30 जून को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान इनमें से नौ कार्यों का कुल बजट 5.6 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो एक वर्ष पहले की तुलना में 8.2 प्रतिशत कम है। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से प्रत्एक देश शांति स्थापना मिशन में वित्तीय योगदान देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। गुतारेस ने दलील दी कि वैश्विक सैन्य खर्च के एक छोटे से हिस्से - लगभग एक प्रतिशत का आधा - के साथ संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के निर्माण के लिए सबसे प्रभावी तरीके में से एक है।

## इंडोनेशिया में पुराने, अनुपयोगी गोला-बारूद के निपटान के दौरान विस्फोट, 13 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिम जावा प्रांत में सोमवार को पुराने और अनुपयोगी गोलाबारूद के निपटान के दौरान विस्फोट होने से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई जिनमें चार सैनिक भी शामिल हैं। सैन्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गोलाबारूद पुराना हो जाने पर या अनुचित तरीके से संग्रहीत होने पर अधिक शक्तिशाली नहीं रह जाता है और इसी कारण समय समय पर इनका निपटान किया जाता है। विस्फोट का कारण तत्काल स्पष्ट नहीं है। इंडोनेशियाई सेना के सदस्य गरूट जिले के सागरा गांव में पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में पुराने, अनुपयोगी और अप्रभावी गोला–बारूद का निपटान कर रहे थे, जिसे एक सैन्य गोदाम केंद्र में संग्रहित किया गया था। इंडोनेशियाई सैन्य प्रवक्ता मेजर जनरल क्रिस्टोमी सियानतुरी ने बताया कि प्रारंभिक विस्फोट के तुरंत बाद दूसरा विस्फोट हुआ। सियानतुरी ने कहा कि नौ आम नागरिकों और चार सैन्य कर्मियों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि घायलों का इलाज किया जा रहा है।

## पोप लियो चौदहवें ने अपने ऑगस्टीनियन ऑर्डर के मुख्यालय का दौरा किया



**रोम।** पोप लियो चौदहवें ने मंगलवार को अपने ऑगस्टीनियन धार्मिक आदेश के सदस्यों से मुलाकात की और सेंट पीटर स्क्वायर के बाहर स्थित इसके मुख्यालय का दौरा किया। पोप लियो को ऑगस्टिनियनम जाने वाले रास्ते पर एक काले रंग की वोक्सवैगन टिगुआन कार से बाहर निकलते देखा गया। यह एक पोप संस्थान है जो रोम स्थित निवास और ऑर्डर ऑफ सेंट ऑगस्टीन के मुख्यालय के रूप में भी कार्य करता है। इस संगठन के सिद्धांतों में में चिंतनशील आध्यात्मिकता, सामुदायिक जीवन और दूसरों की सेवा शामिल है। यह पांचवीं शताब्दी के संत ऑगस्टीन से जुड़ा है, जो प्रारंभिक ईसाई धर्म के विचारकों और आध्यात्मिक नेताओं में शामिल थे। मौजूदा पोप लियो का पूर्व का नाम रेव रॉबर्ट प्रीवोस्ट है। वह इतिहास के पहले अमेरिकी पोप हैं।

# पाकिस्तान की हरकतों पर फूटा परिणीति चोपड़ा का गुस्सा

**पाकिस्तानी** अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। सीजफायर होने के बावजूद भी वो हमला कर रहा है, पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के सांबा में फिर सीजफायर तोड़नेकी कोशिश की है। सांबा में ड्रोन दिखाई दिए हैं। जिसके बाद शहर में ब्लैकआउट कर दिया गया। पाकिस्तान की इस हरकत से परिणीति चोपड़ा का खून खौल गया है। उन्हें गुस्सा आ गया है और उन्होंने अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर जाहिर किया है। उन्होंने एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। जिसमें उन्होंने अपनी फीलिंग बताई हैं। परिणीति चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खबर का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। जिसमें जानकारी दी गई है कि इंडियन एयरफोर्स ने पाकिस्तान के ड्रोन को मार गिराया है। ये ड्रोन सांबा में नजर आया था जिसके बाद शहर में ब्लैकआउट कर दिया गया था।परिणीति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ये पोस्ट शेयर करते हुए लिखा– 'दोबारा बाज नहीं आ रहे हैं, शब्द नहीं हैं मेरे पास।' परिणीति का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है।



# आलिया भट्ट ने भारतीय सेना के लिए किया पोस्ट

**भारत**-पाकिस्तान सीजफायर के तीन दिन बाद आलिया भट्ट ने एक पोस्ट के जरिए देश की रक्षा करने वाले जवानों और शहीदों के लिए एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक लंबे-चौड़े नोट के साथ बताया कि पिछली कुछ रातें उनके लिए कैसी बीती हैं और वह बस शहीद हुए जवानों की मांओं और पिताओं के बारे में सोचती रहीं। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट पोस्ट में कहा, "पिछली कुछ रातें अलग सी लगीं। जब कोई देश अपनी सांसें थाम लेता है तो हवा में एक तरह की शांति होती है और पिछले कुछ दिनों में हमने उस शांति को महसूस किया है। वह शांत चिंता। हर बातचीत के पीछे, हर न्यूज नोटिफिकेशन के पीछे, हर डिनर टेबल के आसपास तनाव की वह धड़कन। हमें यह जानने का भार महसूस हुआ है कि कहीं बाहर पहाड़ों में हमारे सैनिक जाग रहे हैं, अलर्ट हैं और खतरे में हैं।" आलिया का ये पोस्ट देख उनके चाहने वाले उनकी तारीफ कर रहे हैं, लेकिन कई सोशल मीडिया यूजर्स गुस्सा दिखा रहे हैं कि उन्हें एक हफ्ते बाद देश के हित और सैन्य बलों के बारे में लिखना याद आया।



## कटरीना कैफ से तुलना की वजह से बर्बाद हुआ करियर



**एक्ट्रेस** जरीन खान ने 2010 में इंडस्ट्री में कदम रखा था। उन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म वीर में काम किया था। इस फिल्म से वो रातोरात फेमस हो गई थीं। जरीन खान की एक्ट्रेस कैटरीना कैफ के साथ तुलना होने लगी थी। जरीन खान का कहना है कि इस तुलना के बाद उनके करियर पर असर पड़ा। जरीन खान का कहना है कि इससे उनके करियर को नुकसान पहुंचा था। एक पुराने इंटरव्यू में जरीन खान ने कहा था, 'लोग इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने आते हैं। किसी की हमशक्ल बनने नहीं। मैंने 11 सालों तक इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने की कोशिश की।' आगे जरीन ने कहा, 'आज भी लोग मुझे कैटरीना कैफ की हमशक्ल कहते हैं। कई बार तो मुझे लोग पूजा भट्ट, प्रीटि जिंटा, सनी लियोनी का भी लुकअलाइक मान बैठते हैं। लोग मुझे जरीन खान के तौर पर नहीं देखते।' जरीन ने कहा, 'स्नेहा उल्लाल का भी करियर इन्हीं कारण से बर्बाद हो गया था।' जरीन का कहना है कि कैटरीना संग तुलना की वजह से उनका करियर बर्बाद हो गया था। बता दें कि जरीन खान का 14 मई 1987 में जन्म हुआ था। जरीन खान जब टीनएजर थीं तब उनके पिता छोड़कर चले गए थे।

# रेड 2 के दूसरे हफ्ते का कलेक्शन देख भन्नाया मेकर्स का माथा, कमाई में आया जबरदस्त उछाल




अजय देवगन की फिल्म रेड 2 बीते 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर मौजूद अन्य फिल्मों की रेड लगा दी और पिछले दो हफ्तों से बॉक्स ऑफिस की दौड़ का हिस्सा बनी हुई है। अजय देवगन अभिनीत फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई रेड का सीक्वल है। पार्ट वन में अजय के साथ इलियाना डिक्रूज लीड रोल में नजर आई थीं। वहीं दूसरे पार्ट में इलियाना को वाणी कपूर से रिप्लेस कर दिया गया। वहीं रितेश देशमुख फिल्म में विलेन के किरदार में नजर आए।

फिल्म ने बनाए रखी अच्छी पकड़

राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित, रेड 2 ने पिछले 14 दिनों से बॉक्स ऑफिस पर अच्छी पकड़ बनाए रखी है। सुबह के रुझानों के अनुसार, 14वें दिन, फिल्म की कमाई में दूसरे मंगलवार की कमाई से 25 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिल सकती है, यानी 4.75 करोड़ रुपये। क्राइम थ्रिलर मूवी बिना किसी ऑफर के दनादन आगे बढ़ रही है।

गौरतलब है कि अजय देवगन स्टारर इस फिल्म को कल ब्लॉकबस्टर मंगलवार की मूवी ऑफर से मदद मिली, जिसके परिणामस्वरूप टिकट बिक्री में वृद्धि हुई। रेड सीक्वल ने कुल 126 करोड़ रुपये कमाए हैं। आज इसके 130 करोड़ रुपये के आंकड़े को छूने की उम्मीद है। टी-सीरीज और पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा सह-निर्मित रेड 2, वर्तमान में केसरी चैप्टर 2ः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग के साथ कॉम्पटीशन में चल रही है।

फिल्म की कहानी इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की यात्रा पर आधारित है, जो छापेमारी करते समय एक वाइट कॉलर क्राईम का पता लगाता है। यह सात साल बाद पटनायक की वापसी का प्रतीक है। वहीं अब फिल्म के 14वें दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। फिल्म 2.22 करोड़ रुपये अब तक जमा कर चुकी है। आगे ये आंकड़ा और भी बढ़ने की उम्मीद है। इस हिसाब से फिल्म का कुल कलेक्शन 132.32 करोड़ रुपये हो चुका है। आज अपनी रिलीज के दो हफ्ते पूरे करने के बाद, रेड 2 अब अपने तीसरे वीकेंड की ओर बढ़ रही है। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म का मुकाबला 17 मई, 2025 से शुरू होने वाली मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग से होगा।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com